Annual Activity Report

# Vallabhacharya Pandey

Asha Fellow – Asha Trust

Reporting Period: 16th May 2025 – 15th May 2026

I have been associated with Asha Trust since 1994 and have been actively engaged in grassroots development, social awareness campaigns, educational initiatives, constitutional literacy programs, and community welfare activities. Since 2003, I have also been handling administrative responsibilities of the organization to ensure smooth coordination, compliance, and organizational growth.

During the reporting period from 16th May 2025 to 15th May 2026, I coordinated and participated in various educational, health, awareness, youth empowerment, and rights-based initiatives across Eastern Uttar Pradesh.

**1. Administrative Responsibilities:**

I continued to manage and coordinate official administrative work of the Trust, including correspondence and documentation related to:

-Ministry of Home Affairs (MHA)
-Income Tax Department
-NITI Aayog and CSR Agencies
-Banks
-Asha Trust India Chapters
-Other institutional and governmental bodies

This work helped ensure smooth functioning and compliance of the organization.

**2. Know Our Constitution Program:**

**A. Samvidhan Gyan Pratiyogita-**

I coordinated the “Know Our Constitution” awareness program for students of Classes 8th to 12th, which was initiated on Constitution Day (26 November 2022).

Major Achievements:

-General Knowledge competitions organized in approximately 410 schools across Eastern Uttar Pradesh.
-Around 1 lakh students participated till May 2026.
-Poster exhibitions and awareness sessions conducted to explain:

1. Fundamental Rights
2. Fundamental Duties
3. Constitutional values
4. Civic responsibilities

This initiative significantly promoted constitutional awareness among students.

**B. Puppet Show Initiative-**

“Samvidhan Ki Baat, Kathputli Ke Saath”

To create awareness among adolescents about the Indian Constitution and its Preamble, I continued coordinating the puppet-show-based awareness initiative started in July 2024.

Highlights:

-Monthly puppet shows organized in six government junior high schools in Varanasi district.
-More than 100 schools covered so far.
-Interactive sessions conducted through: Posters, Leaflets and Discussions on constitutional values

The program is conducted with support from Creative Puppet Arts Group, Varanasi

**3. Know Our Great Leaders Program:**

I coordinated an awareness initiative focused on leaders of India’s freedom struggle.

Activity :Posters featuring 50 prominent freedom fighters displayed in14 primary schools and 2 Upper primary schools in Varanasi district

The objective was to familiarize students with the lives and contributions of national heroes.

**4. Indian Freedom Struggle GK Competition**

On the occasion of Republic Day January 2026, I coordinated a General Knowledge competition on the Indian Freedom Struggle (1857–1947) for Class 8 students.

Program Details:

-Conducted in 19 government upper primary schools

-Total participants: 1,022 students
-Awards distributed to 104 students (Books on Mahatma Gandhi and Certificates of appreciation)

**5. Eye Check-up Camps:**
In collaboration with Shankara Eye Hospital, I organized regular eye check-up camps at the Asha Kaithi Center on the fourth Wednesday of every month.
Outcomes: More than 800 patients benefited. Free cataract surgeries facilitated for needy patients
Additional camps organized in: Ghazipur, Chandauli and Azamgarh districts

**6. Sports Activities for Girls:** I coordinated regular sports activities for girls attending Asha E-Libraries and Study Centers.
Activities Conducted:
-Kabaddi competitions
-Kho-Kho competitions
These activities contributed positively toward physical fitness, confidence building, and teamwork among girls.

**7. Rights Awareness Programs:**
I regularly coordinated awareness campaigns and public education programs on important rights-based legislations, including:
RTI Act, RTE Act,Food Security Act, MNREGA (Now VB-G-RAM-G),Land Acquisition Act, Street Vendors Act, Forest Rights Act, UP Janhit Guarantee Act, Unorganized Workers' Social Security Act
Activities Included:
-Workshops
-Camps
-Public meetings
-Signature campaigns
-Poster exhibitions
-Pamphlet distribution
Additionally, three camps were organized to assist people in filling SIR-related electoral roll information, benefiting around 400 families.

**8. Educational Support for Needy Students:**
I coordinated Asha's Education Support Program for children from economically weaker families.
Support Provided:
School fees, books, stationery and other educational essentials
Beneficiaries:
Total students supported: 32 (Girls: 25, Boys: 7)
This initiative was supported through interest earned from bank deposits.

**9. Asha Internship Program:**
I coordinated the Asha Internship Program with support from Mr.Deen Dayal Singh & Dr. Indu Pandey
Participation:
In last one year a total of 14 students participated from:
-Azim Premji University, Bangalore (4)
-Lovely Professional University, Chandigarh (2)
Banaras Hindu University, Varanasi (4)
Banasthali Vidyapith, Rajasthan (2)
Madan Mohan Malaviya University of Technology, Gorakhpur (2)

The internship program provided practical exposure and social work experience to students.

**10. Volunteers and Teachers Training Workshops:**
I organized training workshops for social activists and teachers associated with ASSK (Asha Samajik Shikshan Kendra).
**Focus Areas:**
-Education
-Health
-Employment

-Agriculture
-Public welfare issues
**Participation:**
-Total workshops organized during year: 3
-Total participants: 87

**11. Health Camps:**
I organized four health camps at Kaithi village to provide free healthcare support and consultation.
Doctors Who Contributed Their Services:
Dr. Shailendra Singh (Physician)
Dr. Vandana Singh (Gynecologist)
Dr. Shilpi Yadav (Homeopath)
Vaidya Anand Pandey (Ayurveda)
**Beneficiaries-** More than 200 patients

**12. Training for Self-Reliance:**
This year, I initiated vocational skill-development programs for rural girls at Kaithi Center
**Programs Conducted:**
-Sewing Training
-Beautician Training
**Duration:**
100-day training courses
**Beneficiaries:**
Total girls trained: 84
The initiative aimed to promote self-employment and economic independence among girls from rural area.

**13. Work with Government Primary Schools:**
I coordinated the One Nation Equal Education (ONEE) campaign for equal and quality education.
Established 5 new *Asha Baal Pustakalayas* (Children's Libraries) this year. Total Asha libraries now functioning: 28
The campaign focused on improving educational standards and reading culture in government schools.

**14. Blood Donation Camps:**
As in previous years, I coordinated two blood donation camps at Asha Kaithi Center on:
Birth anniversary of *Shaheed Shivaram Rajguru* (24 August 2025)
Martyrdom Day of *Shaheed Bhagat Singh* (23 March 2026)
Outcomes:
Total blood units collected: 54
I also completed my 108th lifetime blood donation during this year.

**15. Asha Social Education Centers (ASSK):**
I coordinated 5 ASSK education centers operating at brickfields in:
Bhandaha Kala, Rajwari and-Kursia Villages of Varanasi
These centers provide educational support to children of migrant laborers.
Beneficiaries: Brickfield centers: 136 students
2 Urban ASSK centers in Varanasi: 78 students

**16. Asha E-Library and Study Centers for Girls:**
Currently, 7 Asha E-Libraries and Study Centers are functioning in UP (3 In Varanasi, 2 in Ballia, 1 Azamgarh and 1 in Mau)
**Kaithi E-Library Highlights:**
-Average attendance of approximately 60 girls daily.
-Four girls selected for fully funded programming courses at NavGurukul, Pune.
-**Activities Conducted:** Music programs, film discussions, debate, essay writing, mock tests, self-defense training, health/ hygiene, theatre workshops and Yoga / physical activities.
These activities contributed significantly toward personality development and educational growth of girls.

**17. STUT Workshops (Safe Touch & Unsafe Touch):**

I coordinated workshops on Safe Touch and Unsafe Touch (STUT) along with self-defense training programs.
Coverage:
-7 rural schools
-6 urban schools
-Beneficiaries: Approximately 1560 children
The program was conducted with support from Red Brigade Trust, Lucknow

**18. Cloth and Shoes Distribution Program:**

With support from donors and well-wishers, I initiated a winter relief campaign in December 2025.
Materials Distributed:
-Clothes
-Blankets
-Shoes
The initiative supported needy and economically weaker families during winter.

**19. Participation with Other Social Groups:**

I actively participated in programs organized by other social groups like of Varanasi like *Lok Samiti, Sajha Sanskriti Manch, Dakhal, IRDP BHU* etc.
Issues Addressed: Protection of democracy and constitution, communal harmony, environmental protection, women's rights, rights of street vendors and Para-game events, voter awareness, youth training etc.

During the reporting period, I continued to work toward strengthening constitutional awareness, education, health services, youth empowerment, women's development, and social justice initiatives through various community-based programs. These efforts were aimed at promoting democratic values, equal opportunities, social awareness and community participation among people across rural and urban areas of Eastern Uttar Pradesh.

Thanks
(Vallabhacharya Pandey)
Asha Fellow
20th May 2026
Email: ashakashi@gmail.com

Some paper cuttings and Photographs is attached…..

Fellowship Renewal Amount INR 6,00,000 will be used towards the fellowship stipend to continue the fellowship work of Vallabhacharya at ground level for upliftment of local area, and cover operating expenses, for the period April 2026 to March 2027.



Gathering of IRDP BHU Students to study Rural Economy




Samvidhan Gyan Pratiyogita Certificate Distribution




Asha Samajik Shikshan Kendra



Kabaddi Pratiyogita



Environmental Oath



Film Par Charcha Activity




Samvidhan Gyan Pratiyogita



Student Visit of Shankara Eye Hospital



Student’s Honor on Selection in UPP



Eye Camp




Teachers Training




Health Hygiene Training




Teacher Training Workshop



Asha Samajik Shikshan Kendra on Brick Cline




Cloth Distribution in winter




Self Defense Training




Students Visit to a Sports Academy



Puppet Show on Samvidhan



Discussion with Students




Asha E- Library at Azamgarh



Health Camp



Kajali Utsav



Poster on Our Great Leaders




Blood Donation Camp



GK Competition



Asha Samajik Shikshan Kendra, Tulsipur

# शहादत दिवस के उपलक्ष्य में आयोजित रक्तदान शिविर में 22 लोगों ने किया रक्तदान

## सामाजिक कार्यकर्त्ता वल्लभाचार्य पाण्डेय ने किया अपना 108 वां रक्तदान।











चौबेपुर (वाराणसी)। सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट के तत्वावधान में भंदहा कला, कैथी स्थित संस्थान के प्रशिक्षण केंद्र पर शहीद दिवस के उपलक्ष्य में शनिवार को रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अमर शहीद सरदार भगत सिंह, शिवराम राजगुरु और सुखदेव थापर के चित्रों पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गयी। अमर शहीद राजगुरु, भगत सिंह और सुखदेव को एक साथ लाहौर में 23 मार्च 1931 को फांसी दे दी गयी थी। रक्तदान शिविर में कुल 45 लोगों ने पंजीकरण कराया जिसमे 22 स्वैच्छिक रक्तदाताओं ने रक्तदान किया जिसमे 10 प्रथम बार के रक्तदाता और छ महिलाएं शामिल रही।

इस अवसर पर सामाजिक कार्यकर्ता एवं आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने अपना 108 वां पूर्ण रक्तदान किया। आशा ई लाइब्रेरी एवं स्टडी सेंटर के बालिकाओं ने रक्तदान की प्रक्रिया के बारे में जाना और समझा। पं दीनदयाल उपाध्याय मंडलीय चिकित्सालय की 9 सदस्यीय दल का नेतृत्व कर रहे रमेश राय ने संस्था के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि रक्तदान से बड़ा कोई पुण्य कार्य नही है ऐसा करके हम दूसरे को जीवन दान देते हैं।अवकाश प्राप्त मुख्य प्रबंधक भारतीय स्टेट बैंक रणवीर पाण्डेय ने सभी रक्तदाताओं को प्रमाणपत्र प्रदान किया। इस अवसर पर रक्तदान पर आधारित बच्चों के बनाये पोस्टर की प्रदर्शनी भी लगाई गई।इस अवसर पर प्रदीप सिंह, दीन दयाल सिंह, अमित कुमार, महेश कुमार, स्निग्धा पाण्डेय, रूबी पाण्डेय, सौरभ चन्द्र, ज्योति, चन्दन, राजकुमार पटेल, ब्रिजेश कुमार, अब्दुल कादिर, सतीश चौहान, हौशिला, सर्वेश तिवारी, प्रवीण यादव, ज्योति सिंह, नर नाहर पाण्डेय, सनी, अमित कुमार नंदिनी, स्नेहा, संतोष कुमार आदि की प्रमुख भूमिका रही।

# आशा लाइब्रेरी द्वारा किया गया संवाद का आयोजन

## -ऑक्सफ़ोर्ड विश्वविद्यालय के प्रवक्ता प्रो. पीयूष श्रीवास्तव ने विज्ञान के महत्व को समझाया।
## -विज्ञान, जिज्ञासा तार्किक सोच और कौशल विकसित करने के लिए महत्वपूर्ण : प्रो. पीयूष श्रीवास्तव।







चौबेपुर (वाराणसी)। सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा भंदहा कला ग्राम में संचालित आशा लाइब्रेरी में विज्ञान के महत्व पर चर्चा करने के लिए संवाद का आयोजन किया गया । उपस्थित छात्राओं को संबोधित करते हुए आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय इंग्लैंड में भूगर्भ विज्ञान के प्रवक्ता प्रो पीयूष श्रीवास्तव ने कहा कि बच्चों के जीवन में विज्ञान जिज्ञासा, तार्किक सोच और समस्या-समाधान कौशल विकसित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह उन्हें दुनिया की समझ विकसित करने, व्यावहारिक अनुभव और प्रयोगों के माध्यम से सीखने, और रचनात्मकता के साथ-साथ असफलता से लचीलापन सीखने में मदद करता है।

विज्ञान आधुनिक शिक्षा और भविष्य के लिए एक आधारशिला है।आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि विज्ञान बच्चों में रचनात्मकता और खोजी प्रवृत्ति को बढ़ावा देकर उन्हें एक सचेत और जागरूक नागरिक बनाता है, बच्चों को हमेशा जिज्ञासु रहना चाहिए और प्रश्नों के जवाब खोजने की प्रवृत्ति रखनी चाहिए। इस अवसर पर प्रदीप सिंह, अवनीश, सनी, मनोज यादव, अनीता देवी, साधना पाण्डेय आदि की उपस्थिति रही।

# संविधान ज्ञान प्रतियोगिता में 36 बच्चे पुरस्कृत

**जागरण संवाददाता, काशी विद्यापीठ ब्लाक :** संविधान के बारे में बच्चों को सामान्य जानकारी से अवगत कराने के उद्देश्य को लेकर विभिन्न विद्यालयों के कक्षा नौ से 12वीं तक के छात्र-छात्राओं के लिए संविधान आधारित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन आशा ट्रस्ट की ओर से किया जा रहा है। शुक्रवार को कंदवा स्थित कर्दमेश्वर इंटर कालेज पूर्वी में चयनित 36 बच्चों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता का आयोजन विगत दिनों किया गया था।

ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पांडेय ने कहा कि बच्चों को हमारे संविधान की प्रमुख विशेषताओं को जानना चाहिए जिससे वे बड़े होकर जनहित में आमजन को जागरूक कर सकें। कार्यक्रम संयोजक डा. इंदु पांडेय ने कहा कि संविधान में निहित प्रमुख तत्वों को विद्यार्थी जीवन से ही अवगत कराने की आवश्यकता है। बच्चे संविधान के बाबत जो जानकारी हासिल कर लेंगे वह उनके लिए जीवन भर उपयोगी रहेगी। प्रधानाचार्य नरेंद्र सिंह ने बच्चों में संवैधानिक मूल्यों की स्थापना को जरूरी बताया। प्रतियोगिता में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र व पुस्तक देकर पुरस्कृत किया गया। इस दौरान विद्यालय डा. रतन कुमार, कमला राय, धर्मेंद्र सिंह सरिता पटेल, प्रणय आदि थे।



कंदवा स्थित कर्दमेश्वर इंटर कालेज पूर्वी में संविधान ज्ञान प्रतियोगिता में पुरस्कृत बच्चे • **आयोजक**

# सिलाई व ब्यूटीशियन प्रशिक्षण पूरा होने पर 24 छात्राओं को मिला प्रमाण पत्र

जागरण संवाददाता, चौबेपुर : किशोरियों और महिलाओं के स्वावलंबन के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत 100 दिनों का प्रशिक्षण पूरा होने पर शनिवार को 24 छात्राओं को प्रमाण पत्र दिया गया। यह अभियान सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट की ओर से चलाया जा रहा था।

मुख्य अतिथि राजकीय हाईस्कूल धौरहरा की प्रधानाचार्या लक्ष्मी पांडेय ने प्रमाण पत्र देने के बाद कहा कि महिलाओं और किशोरियों को स्वावलंबन के लिए कई विधाओं में पारंगत होना चाहिए। इससे उनकी आत्मनिर्भरता बढ़ेगी।

ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पांडेय ने कहा कि किशोरियों को स्वावलंबी बनाने और उनका आत्मविश्वास बढ़ाने के लिए संचालित किए जा रहे इस प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य, स्वच्छता और महिला अधिकारों के बारे में भी उन्हें सचेत करने की कोशिश की गई।



मुख्य अतिथि लक्ष्मी पांडेय को सम्मानित करते ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पांडेय • ट्रस्ट

प्रशिक्षण के बारे में निक्की और रीमा ने अपने अनुभव बताए। इस अवसर पर सरोज सिंह, श्वेता सिंह, साधना पांडेय, प्रदीप सिंह, सौरभ चंद्र, प्रवीण पांडेय, रूबी पांडेय आदि की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन बेबी जहां और धन्यवाद ज्ञापन निकिता यादव ने किया।

# दो दिवसीय शरदकालीन कबड्डी प्रतियोगिता सम्पन्न

**चौबेपुर/ वाराणसी,आपका मेट्रो।** सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा ग्राम भंदहा कला में बालिकाओं के लिए निःशुल्क संचालित आशा पुस्तकालय एवं अध्ययन केंद्र के तत्वावधान में आयोजित दो दिवसीय शरदकालीन कबड्डी प्रतियोगिता शुकवार को सम्पन्न हुयी जिसमे फाइनल मैच में लाइब्रेरी प्रथम और लाइब्रेरी चतुर्थ के बीच कांटे की टक्कर रही जिसमे लाइब्रेरी प्रथम विजेता रही। प्रतियोगिता में कुल 7 टीमों ने हिस्सा लिया। आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि खेल हमारे जीवन में अद्वितीय महत्व रखता है। यह हमारे स्वास्थ्य, मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक विकास के लिए एक पूर्ण उपाय है। खेलने से हमारा शारीरिक स्वास्थ्य सुधरता है और हमें ऊर्जा से भर देता है। यह हमारी मानसिक तनाव को कम करता है और हमें खुश रखता है। इस लिए बालिकाओं के सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास के लिए खेल प्रतियोगिताएं का आयोजन किया जाता है। विजेता समूह की कप्तान सोनम और उपविजेता समूह की कप्तान मोनी कुमारी ने पुरस्कार ग्रहण किया। सभी प्रतिभागियों को उपहार दिया गया। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका सौरभ चन्द्र, अमित कुमार, अवनीश, सरोज सिंह, दीन दयाल सिंह और सनी ने निभाई। पुरस्कार वितरण साधना पांडेय, प्रदीप सिंह और श्वेता सिंह ने किया।



**● आशा लाइब्रेरी प्रथम विजेता और लाइब्रेरी चतुर्थ उपविजेता**

# कठपुतली नाटक 'हिन्द के सरदार' का प्रथम प्रदर्शन किया गया



**वाराणसी (स्टेट मीडिया संवाददाता)।** भारत के प्रथम गृह मंत्री लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती की पूर्व संध्या पर सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट के तत्वावधान में क्रिएटिव पपेट आर्ट्स ग्रुप द्वारा पटेल जी के जीवनवृत्त पर आधारित कठपुतली नाटक 'हिन्द के सरदार'का प्रदर्शन भंदहा कला कैथी स्थित आशा लाइब्रेरी में किया गया। यह पटेल जी के जीवन वृत्त पर आधारित देश का प्रथम कठपुतली नाटक है जिसमे कुल 78 कठपुतलियों का प्रयोग किया गया है। 54 मिनट की इस प्रस्तुति में कुल 6 कठपुतली कलाकारों ने प्रतिभाग किया। नाटक के बारे में बताते हुए कार्यक्रम संयोजक एवं सुविख्यात कठपुतली कलाकार मिथिलेश दुबे ने बताया कि पटेल जी के जीवन पर आधारित इस कठपुतली नाटक का कथानक राजसमन्द राजस्थान के सुप्रसिद्ध साहित्यकार डॉ. नरेंद्र निर्मल द्वारा लिखित है, इस नाटक में प्रयुक्त होने वाली कठपुतलियों को बनाने और नाट्यरूप देने में लगभग एक वर्ष का समय लगा। उन्होंने बताया कि पटेल जी के 150वें जयंती वर्ष में देश भर में इस नाटक की 150 प्रस्तुति करने का लक्ष्य है। कार्यक्रम में आये लोगों अभिनंदन करते हुए आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि लौह पुरुष के नाम से प्रसिद्ध सरदार वल्लभ भाई पटेल, भारतीय राजनीति के एक दिग्गज और देश के पहले उप-प्रधानमंत्री थे। वे एक सच्चे देशभक्त थे, जिन्होंने महात्मा गांधी से प्रभावित होकर अहिंसा के सिद्धांतों का प्रयोग ब्रिटिश औपनिवेशिक शासन के विरुद्ध लड़ने के लिए किया। उन्होंने जीवन भर देश की स्वतंत्रता और विकास के लिए एकता और अखंडता के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने भारत के राजनीतिक एकीकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई और 562 रियासतों को भारतीय संघ में शामिल होने के लिए प्रेरित किया। नाटक प्रस्तुति कठपुतली कलाकार मिथिलेश दुबे के नेतृत्व में अनिल कुमार, विशाल सिंह, सुजीत कुमार, पंकज कुमार, विशाल कुमार द्वारा की गयी, आयोजन में प्रदीप कुमार सिंह, राजकुमार पटेल, सौरभ चन्द्र, दीन दयाल सिंह, ज्योति सिंह, साधना, सरोज, श्वेता आदि के विशेष भूमिका रही। इस अवसर पर डॉ विद्या सागर पाण्डेय, डॉ शशि भूषण सिंह, गोविन्द चौबे, नीरज चौबे, श्यामाचरण पाण्डेय, सौरभ सिंह, अरुण पाण्डेय, शिवेंद्र सिंह, राम जनम, रणवीर पाण्डेय, शशि प्रकाश, मनोज यादव, रमेश प्रसाद, गोरख आदि की उपस्थिति रही।

# आशा पुस्तकालय द्वारा एक दिवसीय संगीत कार्यशाला का किया गया आयोजन

**-बीएचयू के शोध छात्रों ने छात्राओं को संगीत के गुर सिखाए।**

**-संगीत बुद्धि और एकाग्रता बढ़ाने में सहायक : गौरव पाण्डेय**





चौबेपुर (वाराणसी)। संगीत बुद्धि और एकाग्रता को बढ़ाता है, मानसिक स्वास्थ्य में सुधार करता है और प्रतिरक्षा प्रणाली के साथ-साथ आत्म-सम्मान और आत्मविश्वास को भी बढ़ाता है। इसका उपयोग आराम करने, मनोदशा को बेहतर बनाने या एकाग्रता में सुधार करने के लिए किया जा सकता है। संगीत का उपयोग अनिद्रा में भी किया जा सकता है, जिससे गहरी नींद आने में मदद मिलती है। उक्त बातें आशा ट्रस्ट द्वारा भंदहा कला कैथी गाँव में संचालित आशा पुस्तकालय में शनिवार को आयोजित संगीत कार्यशाला में काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के शोध छात्र गौरव पाण्डेय ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा। कार्यशाला में छात्रों ने गीत की प्रमुख विधाओं विशेषकर भजन गायन, कजली और चैता आदि की विशेषताओं के बारे बताया और भावपूर्ण गीत प्रस्तुति की। टीम में हारमोनियम पर गौरव पाण्डेय, तबला वादक संतोष सिंह और वायलिन वादक अर्जुन सिंह शामिल रहे। इस अवसर पर आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पांडेय कहा कि संगीत नकारात्मक भावनाओं को नियंत्रित करने में हमारी मदद करने का एक अद्भुत माध्यम है विशेषकर प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों में लगे छात्र छात्राओं के तनाव को कम करने में संगीत सहायक हो सकता है। काशी हिन्दू विश्वविद्यालय के संगीत विभाग के छात्रों के दल का स्वागत रणवीर पाण्डेय, प्रदीप सिंह, सौरभ चन्द्र और ज्योति सिंह ने किया।

# शिक्षक दिवस पर दो वरिष्ठ शिक्षकों को किया गया सम्मानित



चौबेपुर (वाराणसी) शिक्षा के क्षेत्र में विशिष्ट योगदान के लिये ग्रामीण क्षेत्र के वरिष्ठ शिक्षकों के सम्मान कार्यक्रम क्रम में सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट ने कैथी के दो अवकाश प्राप्त शिक्षकों को उनके घर पर सम्मानित किया। पूर्व माध्यमिक विद्यालय धौरहरा के प्रधानाध्यापक पद अवकाश से वर्ष 2001 में अवकाश प्राप्त सच्चिदानंद पाण्डेय (85 वर्षीय) और पूर्व माध्यमिक विद्यालय ऊगापुर के प्रधानाध्यापक पद से वर्ष 2004 में अवकाश प्राप्त कमला सिंह (81 वर्षीय) को माल्यार्पण, अंगवस्त्र, स्मृति चिन्ह और दैनन्दिनी भेंट कर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय जी नें कहा कि प्राथमिक शिक्षक का व्यक्तित्व निर्माण में योगदान अतुलनीय है। अबोध बच्चे को अक्षर ज्ञान कराना सबसे कथित शैक्षणिक कार्य है।

शिक्षक सम्मान कार्यक्रम के अलावा आशा ट्रस्ट द्वारा संचालित लाइब्रेरी में छात्राओं द्वारा शिक्षक दिवस के अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियाँ प्रस्तुत की गयी। इस अवसर पर रणवीर पाण्डेय, दीन दयाल सिंह, प्रदीप सिंह, ज्योति सिंह, श्वेता सिंह, साधना पाण्डेय, सरोज सिंह, सौरभ चन्द्र आदि की उपस्थिति रही। वहीं कार्यक्रम का संचालन निकिता और प्रिया नें किया।

# पीईटी के अभ्यर्थियों के लिए निःशुल्क रात्रि विश्राम की सुविधा

## आशा ट्रस्ट ने 5, 6 और 7 सितंबर के रात्रि विश्राम के लिए केंद्र उपलब्ध कराया।






चौबेपुर (वाराणसी)। उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन आयोग की प्रारंभिक अर्हता परीक्षा 2025 (पीईटी) आगामी 6 और 7 सितंबर को चार पालियों में होनी है, इस परीक्षा में वाराणसी और गाजीपुर जिले में लगभग 1 लाख 40 हजार अभ्यर्थी शामिल होंगे। पिछले बार के अनुभव बताते हैं कि अभ्यर्थियों और उनके परिजनों विशेष कर महिलाओं को यातायात और रात्रि विश्राम में काफी परेशानी हुई थी ।इसके दृष्टिगत सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा वाराणसी गाजीपुर राष्ट्रीय राजमार्ग पर भन्दहा कला, कैथी गांव में स्थित अपने परिसर में अभ्यर्थियों और उनके परिजनों के निःशुल्क रात्रि विश्राम की व्यवस्था उपलब्ध कराई है। आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने बताया कि यह केंद्र 5, 6 और 7 सितंबर को सायं 6 बजे से अगले दिन प्रातः 6 बजे तक अभ्यर्थियों और उनके परिजनों के रात्रि विश्राम के लिए खुला रहेगा। केंद्र पर आशा के कार्यकर्ता दीन दयाल सिंह, सरोज सिंह, प्रदीप सिंह, सौरभ चन्द्र आदि सहायता के लिए उपलब्ध होंगे।

# आशा लाइब्रेरी की चार छात्राओं को मिला स्कूल ऑफ प्रोग्रामिंग पुणे में प्रवेश



**चौबेपुर/वाराणसी (एसएनबी)।** बेटियां पढ़ें आगे बढ़ें के स्लोगन के साथ क्षेत्र के भंदहां कला, कैथी ग्राम में सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा बालिकाओं के लिए निःशुल्क संचालित आशा लाइब्रेरी की 4 छात्राओं का चयन शत-प्रतिशत स्कॉलरशिप के साथ पुणे स्थित स्कूल ऑफ प्रोग्रामिंग में दो वर्षीय पाठ्यक्रम के लिए हुआ है। यह संस्थान नवगुरु कुल फाउन्डेशन द्वारा संचालित है। चयनित छात्राओं को बधाई देते हुए आशा ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने बताया कि इन छात्राओं के चयन के लिए कई स्तर की परीक्षा और साक्षात्कार आयोजित किये गये। जिसमे आशा लाइब्रेरी की लगभग दो दर्जन छात्राओं ने भाग लिया।

**दो वर्ष के पाठ्यक्रम के लिए मिलेगी 100 प्रतिशत स्कॉलरशिप**

जिसमे अंतिम रूप से चयन अंशिका यादव, अन्नू, रिया पाल और आंचल निषाद का हुआ। यह चारों छात्राएं आगामी 27 अगस्त को पुणे रवाना होंगी। चयन प्रक्रिया पूर्ण कराने के लिए आशा ट्रस्ट के दो वरिष्ठ कार्यकर्ता प्रदीप सिंह एवं सौरभ चन्द्र इनके साथ जायेंगे। सौरभ चन्द्र ने बताया कि दो वर्ष के पाठ्यक्रम पूर्ण होने तक इन छात्राओं के अध्ययन, छात्रावास, भोजन, लैपटॉप आदि की व्यवस्था नवगुरुकुल फाउंडेशन द्वारा ही की जायेगी।

इसके बाद इन छात्राओं को निजी क्षेत्र में सेवा के लिए परिसर चयन की सुविधा भी प्रदान की जायेगी। इस चयन से आशा लाइब्रेरी की छात्राओं में बहुत उत्साह है और वे अगले वर्ष इस चयन प्रक्रिया में भागीदारी के लिए संकल्पित हो रही है।आशा कार्यकर्ता सौरभ चन्द्र, प्रदीप सिंह, दीनदयाल सिंह, साधना पांडेय, अमित कुमार, ज्योति सिंह, अवनीश आदि ने चयनित छात्राओं को बधाई दी।

# शिविर में 164 जरूरतमंद लोगों को मिली चिकित्सकीय सुविधा



**वाराणसी।** राष्ट्रीय चिकित्सक दिवस के अवसर पर सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट के बैनर तले भन्दहां कला, कैथी में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन हुआ। चिकित्सकों का अभिनंदन करते हुए ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने कहा कि स्वस्थ जीवन हर किसी के लिए प्राथमिक होता है। कहा भी गया है कि, 'सेहत सबसे बड़ी पूंजी' है। स्वस्थ व्यक्ति ही जीवन में बेहतर कर सकता है और इसमें चिकित्सकों की भूमिका बहुत अहम है। भारतीय सेना के पूर्व चिकित्साधिकारी ले. कर्नल डॉ. शैलेश सिंह ने कहा कि सही खान पान और नियमित दिनचर्या से हम अपेक्षाकृत अधिक स्वस्थ रह सकते हैं। शिविर में कुल 164 लोगों ने अपनी स्वास्थ्य जांच कराई। जरुरतमंदों को दवाएं भी दी गयी। शिविर में वरिष्ठ दंत चिकित्सक डॉ. याज्ञवल्क्य गुप्ता एवं डॉ पूनम गुप्ता ने भी सेवाएं दीं। शिविर के आयोजन में प्रभात मिश्रा, प्रदीप कुमार सिंह, सौरभ चन्द्र, बृजेश कुमार, मो. आसिफ, रणवीर पाण्डेय, रमेश प्रसाद, राजकुमार पटेल, दीनदयाल सिंह, साधना पाण्डेय, श्वेता सिंह, ज्योति सिंह, सरोज सिंह आदि का प्रमुख योगदान रहा।

# 58 महिलाओं को मिली चिकित्सकीय सुविधा



**चौबेपुर।** भन्दहां कला, कैथी में स्त्री स्वास्थ्य समस्या परामर्श शिविर का आयोजन रविवार को किया गया। शिविर में 58 महिलाओं एवं किशोरियों ने चिकित्सकीय परामर्श लिया। सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट के तत्वावधान में आयोजित शिविर में सर सुंदरलाल अस्पताल बीएचयू के महिला चिकित्सा विभाग की चिकित्साधिकारी डॉ कल्पना सिंह ने सभी मरीजों की जांच की। उन्होंने कहा कि सही खान-पान और नियमित दिनचर्या से हम अपेक्षाकृत अधिक स्वस्थ रह सकते हैं। महिलाओं और किशोरियों को विशेष रूप से पौष्टिक आहार लेना चाहिए, जिससे रक्ताल्पता और मासिक धर्म के दौरान होने वाली अनेक परेशानियों में राहत रहेगी।

इस अवसर पर वाणिज्य विभाग बीएचयू के प्रवक्ता डॉ अवधेश सिंह ने कहा कि ग्रामीण परिवेश में महिलाओं और किशोरियों के अंतमुर्खी होने के कारण उनकी स्वास्थ्य समस्याओं का समय से निराकरण नही हो पाता है जिससे समस्याएं बढ़ जाती हैं। चिकित्सक और उनकी टीम का अभिनंदन ट्रस्ट के समन्वयक वल्लभाचार्य पाण्डेय ने किया। शिविर के आयोजन में डॉ इंदु पाण्डेय, प्रदीप कुमार सिंह, जाह्नवी सिंह, एकता, आंचल, अभिषेक, सौरभ चन्द्र, दीन दयाल सिंह, ज्योति सिंह, सरोज सिंह, आदि का प्रमुख योगदान रहा।

# आशा लाइब्रेरी की छात्राओं ने किया आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल का भ्रमण

**अत्याधुनिक नेत्र चिकित्सा प्रणाली से परिचित हुई छात्राएं।**

चौबेपुर (वाराणसी)। सामाजिक संस्था आशा ट्रस्ट द्वारा भंदहा कला कैथी ग्राम में बालिकाओं के लिए





निःशुल्क संचालित आशा पुस्तकालय एवं अध्ययन केंद्र की 36 छात्राओं ने वाराणसी के माधोपुर स्थित देश के प्रतिष्ठित आर जे शंकरा आई हॉस्पिटल का भ्रमण किया।

भ्रमण के दौरान छात्राओं ने अत्याधुनिक तकनीक से नेत्र चिकित्सा की बारीकियों को समझा साथ ही अस्पताल समूह द्वारा संचालित नेत्र चिकित्सा में त्रि वर्षीय डिप्लोमा पाठ्यक्रम के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। शंकरा आई हॉस्पिटल के यूनिट प्रबंध डॉ भारत सिह, ऑप्टोमेट्रिस्ट इंचार्ज वॉट्सन, मानव संसाधन विभाग के सौरभ पाण्डेय एवं आउटरीच एडमिन संदीप सिंह ने छात्राओं का स्वागत करते हुए अस्पताल द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली विभिन्न सेवाओं, तकनीक एवं पाठ्यक्रम से परिचित कराया। छात्राओं के समूह के साथ आशा ट्रस्ट के कार्यकर्त्ता प्रदीप सिंह और सौरभ चन्द्र भी सम्मिलित रहे।

THANKS